तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 शिक्षा अधिकारी की बैठक शिक्षा सुधार व विद्यार्थियों...



12 नवोदय में प्रवेश तैयारी के लिए कक्षा संचालित, ...



## खबर संक्षेप

### अब विशेष गहन परीक्षण 18 तक किया जाएगा



**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया, जिसके तहत गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 18 दिसम्बर 2025 किया गया है। इसी प्रकार मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसम्बर के स्थान पर 23 दिसम्बर तथा 14 फरवरी के स्थान पर समयावधि बढ़ाते हुए 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक निर्धारित किया गया है। ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करने एवं सुनवाई 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा।

### बाल विवाह संबंधी दावा आपत्ति के लिए है मौका




**कांकेर।** जिले की 454 ग्राम पंचायतों में से 297 ग्राम पंचायतों एवं 05 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों में विगत दो वर्षों से अब तक एक भी बाल विवाह नहीं होना पाया गया है। यदि उक्त अवधि में इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में बाल विवाह हुआ हो तो जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में 30 दिसम्बर तक अभिलेखों सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अस्पताल में डाक्टर ने मृत होने की पुष्टि की

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राईसमिलपारा निवासी 61 वर्षीय प्रफुल्ल कुमार कावड़े का इलाज को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने प्रफुल्ल कावड़े का मौत हो जाने की पुष्टी किया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का स्वास्थ्य ठिक नही होने पर 11 दिसंबर को इलाज के लिए लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान दो की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के लिए लाए पीव्ही 86 निवासी 26 वर्षीय अनिल कुमार और छोटेबेठिया थानांतर्गत बेचाघाट निवासी अनिल कुजुर का इलाज के दौरान 10 दिसंबर को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आधार शिविर का आज आयोजन

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रधान डाकघर एवं पैराडाइज स्कूल प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में पैराडाइज स्कूल में आज 13 दिसंबर शनिवार को पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पांच वर्ष के बच्चों तक का नवीन आधार कार्ड, पुराने आधार में बायोमेट्रिक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा। विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने साथ पुराना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट आदि दस्तावेजो के माध्यम से अपडेट की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। आधार कार्ड शिविर का आयोजन उपडाकघर कोरर में भी आयोजित किया जा रहा है।

---

**फर्जीवाड़ा :** ग्रामीणों के विरोध और हरिभूमि की रिपोर्टिंग के बाद प्रशासन सख्त, एफआईआर की मांग उठी

# फर्जी दस्तावेजों से मेकावाही आंबा में नियुक्ति उजागर, कार्यकर्ता को पदभार से किया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत शंकर नगर के आश्रित ग्राम मेकावाही में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति का मामला आखिरकार प्रशासन की नजरों से छिप नहीं सका। ग्रामीणों की लगातार शिकायतें, जनप्रतिनिधियों की मांग और हरिभूमि में इस मुद्दे के लगातार प्रकाशन के बाद अंततः एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पखांजुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को तत्काल प्रभाव से भारमुक्त कर दिया है। यह कदम न केवल ग्रामीणों की जीत है, बल्कि इस बात का सबूत भी कि जनसमस्याओं के प्रति जागरूकता और मीडिया की भूमिका कितनी प्रभावी साबित हो सकती है। इस कार्रवाई के बीच एक बड़ा सवाल अब भी कायम है कि फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों पर कार्रवाई अब कब होगी।

- निवास प्रमाण पत्र और अन्य शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी
- ग्रामीणों ने फर्जी दस्तावेज बनाने वालों पर कार्रवाई करने की माँग की

इस मामले को लेकर मेकावाही के ग्रामीण कई माह से इस बात को लेकर आक्रोशित थे कि जिस महिला को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्त किया गया है, उसने निवास प्रमाण पत्र और अन्य शैक्षणिक दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार कराए हैं। ग्रामीणों का आरोप था कि वास्तविक पात्रों को दरकिनार कर किसी बाहरी व्यक्ति को फर्जी दस्तावेज के दम पर पद दिलाया गया। लगातार विरोध, जनदर्शन में आवेदन, ग्राम सभा में विरोध दर्ज करने और अंततः मीडिया में मुद्दा उठने से प्रशासनिक व विभागीय अमला सक्रिय हुआ। हरिभूमि पत्र में हुए लगातार प्रकाशन ने इस मामले को न सिर्फ सार्वजनिक किया, बल्कि संबंधित विभाग पर त्वरित कार्रवाई का दबाव भी बढ़ाया।

खबर का असर




### ग्रामीणों को उम्मीद, पात्र उम्मीदवार का हो चयन

आईसीडीएस पखांजुर द्वारा जारी आदेश के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि अब फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों और इस पूरे मामले में सहयोग देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वे यह भी मांग कर रहे हैं कि रिक्त हुए पद पर जल्द से जल्द पात्र उम्मीदवार की पारदर्शी चयन प्रक्रिया शुरू की जाए।

### फर्जीवाड़े को रोकने के लिए कड़े कदम जरूरी

यह मामला सिर्फ एक गांव या एक आंगनबाड़ी केंद्र तक सीमित नहीं है। यह पूरे क्षेत्र में हो रही उन गड़बड़ियों की ओर इशारा करता है, जिनमें पात्र उम्मीदवारों को अवसरों से वंचित कर दिया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के लिए सबसे अहम सेवा केंद्र हैं। ऐसे में यहाँ फर्जी नियुक्ति का मतलब है कि पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सीधे लापरवाही होना।

### विभाग ने लिया संज्ञान, आखिरकार भारमुक्त

जांच के दौरान ग्रामीणों के आरोप सही पाए जाने पर पखांजूर आईसीडीएस परियोजना कार्यालय ने आदेश जारी कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को तत्काल प्रभाव से भारमुक्त कर दिया। आदेश जारी होते ही ग्राम में संतोष और राहत की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से चल रहा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है और अब गाँव की बच्चियों, गर्भवती महिलाओं और कुपोषण से जूझ रहे परिवारों को सही सेवा मिलेगी।

### फर्जी दस्तावेज बनाने वालों पर कार्रवाई की माँग

हालांकि विभागीय कार्रवाई से मामले का एक पक्ष तो निपट गया, लेकिन ग्रामीणों की नाराजगी अभी भी बरकरार है। उनका कहना है कि सिर्फ भारमुक्त करने से समस्या का पूर्ण समाधान नहीं माना जा सकता। ग्रामीणों की मांग है कि फर्जी निवास प्रमाण पत्र तैयार करने वाले जिम्मेदारों की पहचान की जाए। फर्जी दस्तावेज जारी करने वाले संबंधित अधिकारियों या दलालों पर एफआईआर हो। भविष्य में ऐसी नियुक्तियों के लिए कड़े सत्यापन की प्रक्रिया लागू किया जाए।

### असली दोषियों को बचाने का हो रहे प्रयास

मेकावाही के ग्रामीणों का कहना है कि जब किसी महिला ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी हासिल की, तो यह अकेले संभव नहीं हो सकता। इसमें दस्तावेज बनाने या सत्यापन में शामिल कई लोगों की भूमिका की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच अधूरी है और असली दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

---

## प्लेसमेंट कर्मचारी बोनस से वंचित, श्रम विभाग की निष्क्रियता पर बढ़ा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के नगरीय निकायों में काम कर रहे प्लेसमेंट कर्मचारी पिछले दो माह से शासन के आदेशानुसार वार्षिक बोनस की मांग कर रहे हैं, लेकिन न तो निकाय प्रशासन और न ही प्लेसमेंट एजेंसी उनकी सुनवाई कर रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, जबकि श्रम विभाग भी पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है।

- शासन के आदेशों का खुला उल्लंघन हो रहा है

जिले के नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी पिछले दो माह से शासन के आदेश के तहत अपनी सलाना बोनस भुगतान की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि शासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि प्लेसमेंट व्यवस्था में नियुक्त सभी श्रमिकों पर श्रम विभाग के नियम लागू होंगे, जिसमें बोनस का प्रावधान भी शामिल है। इसके बावजूद आज तक कर्मचारियों को उनका बोनस नहीं दिया गया है। निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी यह स्वीकार कर चुके हैं कि प्लेसमेंट कर्मचारी बोनस के पात्र हैं, लेकिन उन्होंने भी इस दिशा में संबंधित प्लेसमेंट एजेंसी पर कोई दबाव नहीं बनाया। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के राज्य अध्यक्ष द्वारका कोसरिया और महासचिव भाव सिंह कश्यप ने संयुक्त प्रेस बयान में आरोप लगाया है कि जिले में शासन ▶▶|शेष पेज 10 पर

## छोटापारा मार्ग पर दो बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठेलकाबोड़ छोटेपारा मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही भरी ड्राइविंग ने एक बार फिर हादसे को जन्म दे दिया। ड्यूटी से घर लौट रहा युवक अचानक सामने से आती बाइक की टक्कर का शिकार हो गया, जिसमें वह घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। घटना के बाद उसे 108 वाहन से तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। कांकेर के ठेलकाबोड़ छोटेपारा मार्ग पर बुधवार शाम दो मोटरसाइकिलों के आमने-सामने




की जोरदार टक्कर में एक युवक घायल हो गया। झुनियापारा कांकेर निवासी 76 वर्षीय अर्जुन राम कावड़े ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 6 दिसंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे उनका पुत्र महेश ▶▶|शेष पेज 10 पर

## उपचार के बहकावे में धर्म परिवर्तन करने वाला परिवार अपने मूलधर्म को अपनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घोटियावाही में घर-वापसी कार्यक्रम उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब एक परिवार के पाँच सदस्यों ने वर्षों बाद अपने पूर्वजों की परंपराओं और आस्था में लौटते हुए पुनः सनातन धर्म को अपनाने की घोषणा की, जिसे ग्रामीणों ने सामाजिक

- घोटियावाही में घर-वापसी, पांच सदस्यों ने छोड़ा ईसाई धर्म



एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोटियावाही में आयोजित विशेष बैठक के दौरान घर-वापसी कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुके एक परिवार के पाँच सदस्यों ने पुनः सनातन धर्म अपनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में गांव के प्रमुख जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित परिवार कुछ वर्ष पूर्व कथित ▶▶|शेष पेज 10 पर

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, 13 साल की लवली ने तीन बच्चों की जान बचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

केवटी में बुधवार की शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। घर के सभी बड़े सदस्य बाहर थे और अंदर केवल छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे। ऐसी घबराहट और खतरे से भरी स्थिति में 13 वर्षीय लवली सागरे ने जो साहस दिखाया, वह किसी भी बड़े को प्रेरित करने वाला है। चंद क्षणों में बढ़ती लपटों के बीच उसने बिना घबराए तीन छोटे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसकी समझदारी और तत्परता ने एक बड़ी अनहोनी को होने से रोक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति देवेंद्र टेकाम तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 10 पर

- लवली ने साहस दिखायी और आग की लपटों में घेरे बच्चों को बाहर निकाली

## जन्मदिन पर भिरौद विद्यालय के न्योता भोज के आयोजन में रहा उत्सवी माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्राथमिक शाला भिरौद में शनिवार का दिन बच्चों के लिए यादगार बन गया, जब शाला प्रबंधन समिति की सदस्य लता चंद्रवंशी ने अपने पुत्र एवं पुत्री के जन्मदिन पर विद्यालय परिसर में नेवता भोज का भव्य आयोजन किया। स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू और बच्चों की मुस्कान ने पूरे विद्यालय को उत्साह और आनंद से भर दिया। प्राथमिक शाला भिरौद में शाला प्रबंधन समिति की सदस्य लता चंद्रवंशी द्वारा उनके पुत्र एवं पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोज का भव्य आयोजन किया गया, जिसने विद्यालय परिसर को उल्लास और उत्साह से भर दिया। नेवता भोज में बच्चों के लिए विशेष रूप से खीर, पूड़ी, मिक्स सब्जी, दाल और पापड़ जैसे विविध एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की ▶▶|शेष पेज 10 पर

- शाला प्रबंधन समिति सदस्य की पहल से किया गया आयोजन

---

**कलेक्टर ने 9.11 करोड़ की लागत से स्वीकृत पुल की दी जानकारी**

# ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए प्रशासन की बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुदूर वनांचल कोयलीबेड़ा विकासखंड के खनिज प्रभावित ग्राम चारगांव में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीण उम्मीदों का केंद्र बन गया। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व में पहुँचे जिला स्तरीय अधिकारियों ने न सिर्फ 256 से अधिक जन–आवेदन सुने, बल्कि कई महत्वपूर्ण समस्याओं का मौके पर निराकरण कर ग्रामीणों को त्वरित राहत भी दी। पोरोण्डी नदी में उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति, स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम शिक्षक की नियुक्ति, आश्रम भवन के निर्माण जैसे बड़े घोषणाओं ने ग्रामीणों में विकास की नई आशा जगाई। आयोजित शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित ▶▶|शेष पेज 10 पर



### गाँव की सामूहिक समस्याओं से भी कराया अवगत

जनसमस्या निवारण शिविर को जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस अंचल में यह पहला शिविर है, आप अपनी समस्या से अवगत कराएं ताकि उनका विधिवत निराकरण किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि शिविर में हितग्राही मूलक, व्यक्ति मूलक के अलावा गांव की सामुहिक समस्या से भी अवगत करा सकते हैं, जिनके निराकरण का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अंतागढ़ के अपर कलेक्टर एएस पैकरा, एसडीएम पखांजूर टीआर देवांगन, जनपद सीईओ कोयलीबेड़ा उदय नाग सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, पंच-सरपंच, जनपद सदस्य व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

## नपा ने शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था की



**कोण्डागांव।** नगर पालिका क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर से आमजन को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था की जा रही है। बस स्टैंड, जिला अस्पताल परिसर सहित कई भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रात के समय अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों और जरूरतमंदों को राहत मिल रही है। नगरवासियों ने इस मानविक पहल की सराहना की है। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने बताया कि वार्डों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है ताकि किसी भी नागरिक को ठंड में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि अलाव की यह व्यवस्था प्रतिदिन जारी रहेगी।

## राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा में 4875 शिक्षार्थियों ने दी परीक्षा



**कोण्डागांव।** विकासखंड केशकाल में रविवार को राष्ट्रीय साक्षरता महापरीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए 6142 शिक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 164 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से 4875 शिक्षार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। महापरीक्षा का आयोजन कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के नेतृत्व तथा जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में हुआ। महापरीक्षा का मुख्य उद्देश्य उन नागरिकों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके थे। महिला एवं पुरुष शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लेकर अभियान को सफल बनाया। परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन में शिक्षक, संकुल समन्वयक, संकुल प्रभारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा संचालन में डी.एस. पोटाई डीपीओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चेतनलाल मंडावी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश सेठिया, खंड स्रोत समन्वयक ज्ञानी साहू, खंड परियोजना अधिकारी माखनराम कोमरा, सभी प्राचार्य, ऑपरेटर एवं बीआरपी का विशेष योगदान रहा।

## साय सरकार के दो वर्ष पूर्णः स्थिर नेतृत्व और जनता-केंद्रित विकास

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णु देव साय सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संदीप कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस अवधि को स्थिर नेतृत्व, पारदर्शी शासन और जनता-केंद्रित विकास का उल्लेखनीय दौर बताया।



संदीप झा ने कहा कि बीते दो वर्ष प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध हुए हैं। सरकार ने स्पष्ट नीयत और ठोस निर्णयों के साथ साबित किया है कि विकास केवल वादों का विषय नहीं, बल्कि संकल्प और परिणामों की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन क्षेत्रों तक अपनी पहुँच मजबूत की है, जहाँ लंबे समय तक सुविधाएँ पहुंच पाना चुनौती था, और यही इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश ने यह संदेश दिया है कि विकास और सामाजिक न्याय परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे को मजबूत करने वाले स्तंभ हैं। आदिवासी अंचलों—विशेषकर अबूझमाड़—में जिस तेजी से बुनियादी सुविधाएँ पहुँची हैं, वह नई प्रशासनिक सक्रियता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# छात्रावास- स्वास्थ्य केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को माकड़ी विकासखंड के प्री–पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं द्वारा परिसर में बनाई गई रचनात्मक कलाकृतियों की सराहना की। साथ ही छात्रावास में पानी की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अनंतपुर, शामपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्रसव व्यवस्था तथा हाई–रिस्क केस की निगरानी को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। सीएचसी माकड़ी स्थित न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर एनआरसी का निरीक्षण कर कलेक्टर ने भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य एवं देखभाल की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की बेहतर देखरेख के लिए संबंधित चिकित्सा स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए।

**अधिकारियों की रही मौजूदगी** – निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रुपेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ गजेन्द्र धुरडे, डीपीएम भावना माहलवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तकनीकी दिक्कतों को करें दूर



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर विद्युत लाइन में आ रही तकनीकी समस्याओं पर चिंता जताई। उन्होंने सीजीएमएससी अधिकारियों को तुरंत सुधार कार्य करने को कहा। साथ ही स्टाफ की उपलब्धता और साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में कलेक्टर ने मातृ–शिशु अस्पताल के लिए निर्माणाधीन अतिरिक्त लेबर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए और मरीजों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, सीएमएचओ डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. पी.एल. मंडावी, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता ए.आर. मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे, डीपीएम भावना माहलवार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर–नर्स बोले, शासन की उपेक्षा से मनोबल पर पड़ रहा भारी असर

# सीआरएमसी भुगतान 12 माह से लंबितः बस्तर संभाग के स्वास्थ्यकर्मियों ने किया ओपीडी बहिष्कार का ऐलान

■ 15 दिसंबर से दोनों समय की ओपीडी सेवंगी बंद



**नारायणपुर।** सीआरएमसी (नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि) के 12 माह से लंबित भुगतान को लेकर बस्तर संभाग के सभी जिलों—नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर (जगदलपुर) के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, आरएमए, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने आंदोलन को तेज कर दिया है। शुक्रवार 12 दिसंबर को नारायणपुर समेत बस्तर के सभी जिलों में स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएचएमओ, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को औपचारिक ज्ञापन सौंपकर 15 दिसंबर से पूर्ण ओपीडी सेवाओं के बहिष्कार की सूचना दे दी है।

नारायणपुर डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि पिछले 12 महीनों का सीआरएमसी भुगतान लंबित होने से न केवल मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि लगातार दिए जा रहे आश्वासनों के बावजूद शासन स्तर से कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ है। वर्तमान में सभी जिलों में संध्या ओपीडी बहिष्कार जारी है, परंतु 15 दिसंबर से सुबह और शाम दोनों समय की ओपीडी सेवाएँ पूर्णतः बंद रहेंगी—जब तक कि भुगतान खातों में नहीं पहुंच जाता।

### संभाग के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान होंगे प्रभावित

स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट किया कि यह पूर्ण ओपीडी बहिष्कार बस्तर संभाग के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लागू होगा, जिसमें शामिल हैं - जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, और उप-स्वास्थ्य केन्द्र अर्थात 15 दिसंबर से इन सभी संस्थानों में ओपीडी सेवाये पूरी तरह बंद रहेगी। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि आपातकालीन सेवाएँ पूर्ववत चलती रहेंगी, परंतु सरकार की निरंतर उपेक्षा के खिलाफ अब एकजुट होकर कठोर निर्णय लेना आवश्यक हो गया है।

### स्वास्थ्यकर्मियों के साथ हो रहा अन्यायः डॉक्टर्स

डॉक्टरों ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को केंद्र से सीआरएमसी की राशि प्राप्त होने के बावजूद आदेश जारी न करना गंभीर लापरवाही है और बस्तर जैसे अति-संवेदनशील क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अन्याय है। स्वास्थ्यकर्मी 12-13 दिसंबर तक शासन की कार्रवाई की प्रतीक्षा करेंगे; अन्यथा 15 दिसंबर से पूरे बस्तर संभाग में चिकित्सा सेवाएँ ठप करने का निर्णय लागू कर दिया जाएगा।

# बरकई जोन की क्रीड़ा स्पर्धा में 24 स्कूलों का शानदार प्रदर्शन, ओवरऑल चैम्पियन बना भीरागांव संकुल



**कोण्डागांव।** विकासखण्ड माकड़ी के ग्राम पंचायत रांधना के आश्रित ग्राम कुमगांव में आयोजित तीन दिवसीय जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का 11 दिसम्बर को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता 9 दिसम्बर से प्रारंभ हुई थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य भगवती महेश नेताम रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विधा नरेंद्र नेताम, हेमलता घड़वा मरकाम, पन्ना लाल नेताम उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता स्थल पहुँचकर सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूरी प्रतियोगिता का संचालन संकुल प्राचार्य संतराम कवाची और एल.एन. शोरी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ।

**रोमांचक खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां :** इस त्रिदिवसीय स्पर्धा में बच्चों के लिए अनेक रोचक और प्रतित्मक खेल आयोजित किए गए, जिनमें शामिल थे रिले रेस, बोरा दौड़, दौड, कबड्डी, खो–खो, वालीबॉल, जलेबी दौड़,उऊंची कूद, लंबी कूद, रंगोली, आदि। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सांत्वना सम्मान प्रदान किए गए। जोन बरकई से जुड़े 3 संकुलों के 16 प्राथमिक तथा 6 माध्यमिक विद्यालयों सहित कुल 24 स्कूलों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संकुल भीरागांव ओवरऑल चैंपियन बना।

# परमिन व अंशु का पूर्वी जोन अंतर विश्व विद्यालय टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए चयन

**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के बीसीए वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थी परमिन चंद नाग और अंशु तिवारी का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल महासंघ द्वारा आयोजित पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु किया गया है। दोनों खिलाड़ी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।




दोनों खिलाड़ियों ने 3–4 नवंबर 2025 को शासकीय जे. योगानंद छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार खेल प्रदर्शन किया था, जिसके आधार पर उन्हें विश्वविद्यालय टीम में स्थान मिला। अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन पं. रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में 15 से 19 दिसंबर तक होगा, जिसमें पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालय भाग लेंगे।

**खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर :** खिलाड़ियों की तैयारी कबूत करने के लिए 12 से 14 दिसंबर तक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में जुलाई से ही सभी खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतरता का परिणाम है कि छात्र–छात्राएँ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ अर्जित कर रहे हैं।

**महाविद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं :** परमिन

# साफ–सफाई व आवारा कुत्तों के पर्यवेक्षण का हुआ प्रशिक्षण

■ सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में आयोजित हुआ प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारियों एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 7 नवम्बर को पारित अंतरिम आदेश के अनुपालन में किया गया।

सर्वोच्च न्यायालय ने संस्थागत परिसरों में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों को देखते हुए व्यापक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रें में भी लोगों को कुत्ते के काटने से बचाव के लिए जागरूकता व आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रें के शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, सार्वजनिक खेल परिसरों, स्टेडियम, बस स्टैंड आदि स्थलों की पहचान कर प्रत्येक परिसर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये नोडल अधिकारी स्वच्छता, साफ–सफाई एवं आवारा कुत्तों से परिसर को मुक्त रखने के लिए जिम्मेदार होंगे। साथ ही परिसर में उनके नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**निरीक्षणकर्ता अधिकारी करेंगे नियमित निगरानी :** निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को नोडल अधिकारियों के कार्यों की निगरानी एवं समीक्षा का दायित्व सौंपा गया है। उनकी जिम्मेदारियाँ भी स्पष्ट की गई हैं ताकि निर्देशों का प्रभावी पालन हो सके। ग्रामीण क्षेत्रें में आवारा कुत्तों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत 1100 नंबर पर दर्ज की जा सकती है। प्राप्त शिकायतों का डेटा संधारित कर निराकरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।

**ये हुए शामिल :** प्रशिक्षण में जनपद पंचायत कोण्डागांव के सरपंच, सीईओ, जिला अंकेक्षक, विकास विस्तार अधिकारी, सहायक अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, आवास समन्वयक, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मर्दापाल में हुई पुलिस की जन–जागरुकता बैठक



**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के आदेशानुसार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीश भार्गव के निर्देशन में आज ग्राम मर्दापाल में जन–जागरूकता कार्यक्रम तथा चलित थाना का आयोजन किया गया। थाना मर्दापाल में आयोजित मीटिंग में क्षेत्र के छोटे–बड़े दुकानदार ग्राम के प्रमुख लोग सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने सभी से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और हालचाल की जानकारी ली। बैठक में महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के साथ होने वाली घटनाओं पर चिंता जताते हुए जागरूक रहने संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान रखने की अपील की गई।

**साइबर ठगी से बचाव : पुलिस की साफ सलाह :** ग्रामवासियों को मोबाइल से होने वाली ऑनलाइन ठगी के बारे में बताया गया। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए किसी को भी ओटीपी, एटीएम पिन, आधार नंबर न दें। अजनबियों के द्वारा मांगी गई किसी भी जानकारी को साझा न करें।

**यातायात नियमों पर कड़ाई : सीट बेल्ट और हेलमेट अनिवार्य :** वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन का संदेश देते हुए कहा गया। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहनें। शराब पीकर वाहन न चलाएं, इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है।

### पुलिस का अपील

क्षेत्र में किसी भी अजनबी या संदिग्ध व्यक्ति के घूमने पर तुरंत थाना को सूचना दें। इस के लिए उपस्थित लोगों को थाना का लैंडलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया गया।

### ग्रामीणों ने सराहा पुलिस की पहल

मर्दापाल के नागरिकों ने इस बैठक को सराहनीय कदम बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सुरक्षा जागरूकता बढ़ती है तथा पुलिस–जन सहयोग मजबूत होता है।

# माता सरस्वती की पूजा कर लिलेझर में भाषा उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



शाउमावि लिलेझर में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती 11 दिसंबर को मनाया गया। सर्वप्रथम मां भारती के चरण वंदन कर महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन परिचय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

व्याख्याता सष्मिता शर्मा द्वारा भाषा उत्सव के संबंध में बताया गया कि इस वर्ष विषय भाषाए अनेक, भाव एक भारत की विशाल और विविध भाषाई विरासत को एक सूत्र में पिरोने वाली एकता और सांस्कृतिक पहचान की भावना को समाहित करना है। यह उत्सव महाकवि सुब्रमण्यम भारती की चिरस्थाई विरासत को एक श्रद्धांजलि है और इसका उद्देश्य राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध करने वाली भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और उसका सम्मान करना है।

हेमपुष्पा पटेल, बिंदेश्वरी, सुषमा पटेल द्वारा हिंद देश के निवासी सभी जन एक हैं गीत प्रस्तुत किया गया। मधुश्री, रीना एवं रिद्धि ने गोंडी में गीत तथा लुमिता, मोनिका, भाविका एवं रागिनी ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया। व्याख्याता विजय राय द्वारा सीसीआरटी के भारतीय भाषाओं के गीत के अंतर्गत भोजपुरी, राजस्थानी, आसामी, उड़िया एवं बांग्ला गीत प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। व्याख्याता तारमेंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत मोर संग चलव रे गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य लखन लाल ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता राजेश कोमरा, प्रअ कमलेश चंद्र सिंहसार, अभिजीत सरकार, राजेश महावीर, हेमंत कोराटिया, अवध मंडावी, हेम कुमार देवांगन, मुकेश सिंहा, सुबीर गाईन, सष्मिता शर्मा, श्वेता रानी लाल, संगीता कोसरिया, तरुणा प्रधान, मोनिका खत्री, पूजा वैष्णव, कमला ध्रुव, नम्रता साहू तथा स्कूली छात्र उपस्थित रहें।

## पेज 9 के शेष

### प्लेसमेंट कर्मचारी...

के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। श्रम कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है और कर्मचारियों को उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। यूनियन ने जिला श्रम पदाधिकारी पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों और ज्ञापन देने के बावजूद उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रतिनिधि मंडल के अनुसार, जब श्रम पदाधिकारी से मुलाकात की गई तो उन्होंने बोनस के बारे में जानकारी न होने की बात कही, जबकि यूनियन ने उन्हें शासन का वह आदेश भी उपलब्ध कराया जिसमें प्लेसमेंट कर्मचारियों पर सभी श्रम नियम लागू करने का स्पष्ट उल्लेख है। इसके बाद भी श्रम पदाधिकारी ने कोई कदम नहीं उठाया। यूनियन नेताओं ने कहा कि श्रम पदाधिकारी को यूनियन प्रतिनिधियों, प्लेसमेंट एजेंसी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी की संयुक्त बैठक बुलाकर समस्या का समाधान निकालना चाहिए था, लेकिन उन्होंने इस दिशा में कोई पहल नहीं की है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि श्रम पदाधिकारी के रुख में सुधार नहीं हुआ, तो वे श्रमायुक्त से उनकी बर्खास्तगी की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के साथ लगातार हो रहे अन्याय और शोषण को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### छोटापारा मार्ग पर...

चंद्र कौड़ो ड्यूटी से घर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक **CG** 04 **DQ** 9140 से लौट रहा था। इसी दौरान ठेलकाबोड़ छोटेपारा के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक **CG** 19 **BT** 4340 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्ण तरीके से वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महेश चंद्र बाइक समेत सड़क किनारे गिर पड़ा और उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 वाहन बुलाकर उसे जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। अर्जुन राम की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

### उपचार के बहकावे...

तौर पर बीमारी के उपचार और सुविधाओं के लालच में ईसाई धर्म से जुड़ गया था। परिवार को उम्मीद थी कि उन्हें स्वास्थ्य लाभ और आवश्यक सहयोग मिलेगा, लेकिन अपेक्षित सुधार न होने पर वे मानसिक और सामाजिक रूप से असहज महसूस करने लगे। इसी दौरान उन्होंने अपने पूर्वजों की परंपराओं, संस्कारों और धार्मिक आस्था को याद करते हुए दोबारा अपने मूल धर्म में लौटने का संकल्प लिया। घर-वापसी करने वाले परिवार की सदस्य प्रतिमा निषाद ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले वे बहकावे में आकर धर्म परिवर्तन कर बैठी थीं, लेकिन अब मूल धर्म में वापस आने से उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ है। प्रतिमा ने कहा मैं और मेरा परिवार अपनी परंपराओं में लौटकर बेहद खुश हैं। हमें ऐसा लगता है कि हम अपने असली घर वापस आ गए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों ने परिवार के इस निर्णय का स्वागत किया। उनका मानना है कि यह प्रक्रिया समाज में आपसी सहयोग, एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का कार्य करेगी। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सर्व समाज अध्यक्ष कमल कश्यप, सरपंच महेश्वर शोरी, सरपंच राजेंद्र मरकाम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने परिवार के निर्णय को साहसिक बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। गांव में इस कार्यक्रम को सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### शार्ट सर्किट से...

आग से प्रभावित परिवार से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी ली और उनके हालचाल पूछे। पीड़ित परिवार की सहायता के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग प्रदान किया तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया, जिससे आग पर नियंत्रण पाया जा सका। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल तो है ही, लेकिन लवली की बहादुरी ने लोगों में नई उम्मीद और गर्व की भावना भरी है। एक छोटी बच्ची द्वारा अपनी सूझबूझ और हिम्मत से तीन मासूमों की जान बचाना न केवल दिल छू लेने वाला है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि संकट के क्षणों में स्थिर मन और साहस सबसे बड़ा हथियार होता है। लवली सागरे को देख अब ग्रामीण उसे नन्ही बहादुर कहकर संबोधित कर रहे हैं। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने भी उसके साहस की सराहना करते हुए उसे प्रेरणा-स्रोत बताया। आगजनी की यह घटना जहां भयावह थी, वहीं लवली की वीरता इस हादसे का सबसे उजला पहलू बनकर सामने आई है।

### जन्मदिन पर भिरौद...

गई थी। छोटे-बड़े सभी विद्यार्थियों ने बड़े चाव से इन व्यंजनों का आनंद लिया। भोजन के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी, उमंग और आत्मीयता के भाव साफ झलक रहे थे, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो उठा। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के समस्त स्टाफ द्वारा शाला प्रबंधन समिति की सदस्य लता चंद्रवंशी का सम्मान किया गया। उन्हें गुलाल, गुलदस्ता एवं उपहार भेंट किए गए। उनकी इस पहल की सभी ने सराहना की और इसे विद्यालय तथा समुदाय के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने वाला कदम बताया। प्रधान पाठक ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि नेवता भोज जैसी परंपराएँ समुदाय और विद्यालय के बीच आत्मीयता एवं सहयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे न केवल विद्यार्थियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार प्राप्त होता है, बल्कि विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता भी मजबूत होती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों, पारस्परिक सद्भाव तथा एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों की...

मांग पोरोण्डी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। पुल निर्माण के लिए 9 करोड़ 11 लाख 64 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं तथा इसकी निविदा प्रक्रिया जारी है। पुल बन जाने के बाद कोयलीबेड़ा विकासखंड मुख्यालय और अंतागढ़ के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के आवागमन और विकास को नई गति मिलेगी। समस्याओं के निराकरण के दौरान कलेक्टर ने चारगांव स्कूल में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक की शीघ्र पदस्थापना का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यह इलाका माओवाद से प्रभावित रहा है, जो अब अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र की सभी मूलभूत समस्याओं का नियमित प्रक्रिया के तहत समाधान किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि यदि कोई गांव अभी भी सोलर आधारित बिजली पर निर्भर है, तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें, ताकि उन्हें परंपरागत ऊर्जा ग्रिड प्रणाली से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि चारगांव में निर्माणाधीन 50 सीटर कन्या आश्रम भवन का कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डोंगरीपारा, चारगांव स्थित शासकीय कन्या आश्रम में अध्ययनरत छात्राओं से संवाद किया तथा भोजन, पुस्तकों की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर को जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के उपाध्यक्ष मंजू सरदार, ग्राम पंचायत चारगांव की सरपंच राजबाई उसेण्डी, सिकसोड़ के सरपंच लच्छुराम गावड़े तथा क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों की अध्यक्ष हेमा हुपेंडी ने भी संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 27 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के कुल 9 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 18 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह आत्मसमर्पित कर प्रशिक्षण ले रहे नक्सलियों को प्रतिमाह के मान से 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति। कुल 92 प्रशिक्षणार्थियों को 9 लाख 20 हजार की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### रोल ऑब्जर्वर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा नियुक्त सचिव ग्रामोद्योग विभाग एवं रोल ऑब्जर्वर श्यामलाल धावड़े द्वारा विगत दिवस तहसील कुआकोंडा के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 218 नकुलनार एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 262 फुलपाड़-2 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं एवं रिकॉर्ड की स्थिति की जांच करते हुए बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिया। इसके साथ ही उनके द्वारा जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में समीक्षा बैठक भी ली गई। बैठक में तहसील दंतेवाड़ा के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु स्पष्ट निर्देश देते हुए उनके द्वारा कहा कि सभी बीएलओ को ऐप के माध्यम से ट्रैकिंग कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया को समयावधि में पूर्ण करे। इससे निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोकांश एल्मा, तहसीलदार परमानंद बंजारे तथा नायब तहसीलदार भदूराम धनकर उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को मिलेगा लाभांश, विकास कार्यों का मार्ग हुआ प्रशस्त

**बीजापुर।** बीजापुर वनमंडल क्षेत्र के मोसला कूप कक्ष क्रमांक क्यूए - 269 में राज्य सरकार और भारत सरकार के समन्वय से चल रही वैज्ञानिक वन प्रबंधन प्रक्रिया से क्षेत्र में वन संरक्षण और ग्रामीण विकास दोनों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 से 2032-33 तक की स्वीकृत कार्य आयोजना के अंतर्गत यहाँ केवल आड़े, तिरछे, सूखे और गिरे हुए वृक्षों के विदोहन की अनुमति दी गई है, ताकि वन क्षेत्र को स्वस्थ रखते हुए प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। वैज्ञानिक पद्धति से कटाई, वन को मिलेगी नई ऊर्जा- स्वीकृत 181.420 हेक्टेयर क्षेत्र में से 16.338 हेक्टेयर कार्य योग्य भूमि में 1810 वृक्षों की वैज्ञानिक कटाई प्रस्तावित है। इसी के तहत वर्ष 2024-25 में 428 वृक्षों का विदोहन कर प्राप्त लकड़ी को नीलाम डिपो तक सुरक्षित पहुँचाया गया। कूप कार्य के अपूर्ण रहने के कारण वर्ष 2025-26 में पुनः कार्य प्रारंभ हुआ और 26 नवंबर से 9 दिसंबर के बीच 160 वृक्षों की कटाई की गई, जिसकी सामग्री कूप में सुरक्षित रखी गई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि फलदार वृक्षों में महुआ और तेंदू के केवल वही वृक्ष काटे गए जो बरसात में गिर चुके थे और जिनकी विधिवत मार्किंग की गई थी। इससे फल उत्पादन पर किसी प्रकार का नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

# अवैध रेत उत्खनन पर त्वरित कार्यवाही किया जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा खनिज विभाग एवं

- **खनिज एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की हुई समीक्षा**

जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने जिला उद्योग केन्द्र के विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत बैंक शाखाओं द्वारा स्वीकृत, वितरित,लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि स्थानीय ग्रामीण समुदाय के रुझान अनुरूप उन्हें विभिन्न व्यवसायों में जोड़ने के लिए उनके बैंक प्रेषित लोन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के लिए विभाग अतिरिक्त प्रयास करें। अगर इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आ रही है तो संबंधित बैंकों और आवेदकों की सम्मिलित बैठक



का आयोजन कर दिक्कतों को दूर करें।

इसके अलावा उद्योग विभाग अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों का कलस्टर आधारित विभिन्न व्यवसायों जैसे फोटोकापी, सैलून, किराना,च्वाईस सेंटर, के प्रकरण स्वीकृत कर व्यवसायीकृत उचित माहौल तैयार करने को प्राथमिकता देवें। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायतों में उद्योग आधारित शिविर लगाकर ग्रामीणों को व्यवसाय संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ प्रकरण बनाने को भी कहा। ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय अवधि में पूरा किया जा सके। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा खनिज शाखा संबंधित खनिज राजस्व लक्ष्य, रेत खदानों हेतु टेंडर, गौंण खनिज के परिवहन की समीक्षा करते हुए कहा कि हर हाल में अवैध रेत खनन पर रोक लगाई जाये। और इसमें विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है। बैठक में जिला खनिज अधिकारी छबिलेश्वर मौर्य, महाप्रबंधक उद्योग मितवा बड़ा एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रभारी सचिव ने किया धान उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

# गादीरास, सुकमा और तोंगपाल में खरीदी व्यवस्था पर जताई संतुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रभारी सचिव श्यामलाल धावड़े ने आज सुकमा जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।

- **प्रभारी सचिव ने धान खरीदी से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली**

निरीक्षण की शुरुआत गादीरास धान उपार्जन केंद्र से हुई। जहां सचिव ने पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक हुई खरीदी, पिछले वर्ष के विक्रय आंकड़े, टोकन कटिंग, उठाव की स्थिति, मजदूरों का भुगतान, पर्याप्त बारदाना और तिरपाल उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर उपस्थित किसानों ने धान



खरीदी की पारदर्शी और व्यवस्थित प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।

इसके बाद सचिव धावड़े सुकमा धान उपार्जन केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था का अवलोकन किया। झापरा निवासी किसान पोडियम जोगा ने सचिव को बताया कि समिति से टोकन प्राप्त करने के बाद केंद्र पहुंचते ही तत्काल बारदाना उपलब्ध हो गया और बिना किसी बाधा के उनका धान विक्रय संपन्न हो गया।

निरीक्षण के क्रम में सचिव ने तोंगपाल धान उपार्जन केंद्र का भी दौरा किया और पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक हुई खरीदी, कैरी फॉरवर्ड किसान नवीन पंजीयन, रकबा समर्पण तथा बारदाना उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

### धान खरीदी के संबंध में दिए निर्देश

सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। किसानों को बारदाना समय पर उपलब्ध कराया जाए। डीईओ व उठाव संबंधित कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। किसानों के भुगतान में विलंब ना हो। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और किसान-केंद्रित बनाने के लिए किया गया यह व्यापक निरीक्षण प्रशासन की संवेदनशीलता, तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस दौरान एसडीएम सूरज कश्यप, पीवी खेस, जिला खाद्य अधिकारी रवि कोमरा, डीएमओ राजेंद्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार्ययोजना अभी से तैयार करें अगले वर्ष रबी फसलों का प्रतिशत बढ़ सके



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जावंगा ऑडिटोरियम में कृषि, उद्यानिकी, पशुधन, केवीके एवं मत्स्य विभागों के मैदानी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं विस्तार कार्यकर्ताओं के रबी ऋतु हेतु प्रशिक्षण पर फोकस करते हुए कहा कि सभी जैविक कार्यकर्ता एवं कृषि विस्तार अधिकारी अधिक से अधिक कृषकों को किसान उत्पादक संगठन से जोड़ने हेतु उनकी बैठक लेकर उनकी बैंक डिटेल सहित अन्य जानकारियों को संकलन कार्य को प्राथमिकता से करें ताकि पोर्टल में प्रविष्टि करण किया जा सके। इसके अलावा आगामी रबी फसल हेतु कृषक प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना अभी से ही तैयार करें ताकि अगले वर्ष रबी फसलों का प्रतिशत बढ़ सके। उन्होंने आगे कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लाक के कम से कम एक-एक हजार हेक्टेयर में कृषकों का क्लस्टर बनाकर लाभान्वित किया जाए इसके लिए सभी आरईओ किसानों की बैठक लेकर कृषकों को प्रोत्साहित करें। इसके जिला प्रशासन निशुल्क बीज प्रदाय के साथ- साथ अन्य सभी आवश्यक कार्यों में सहयोग देगा। इसके अलावा आम,अमरूद,केला जैसे फलदार रोपण में भी किसानों के समूहों की भागीदारी बढ़ाने एवं लाभान्वित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए। इन युद्ध स्तर के प्रयासों से ही प्रधानमंत्री धन-धान्य सहित अन्य योजनाओं की लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने विगत दिवस ग्राम पोटाली के अपने प्रवास के दौरान में कृषकों के समूहों द्वारा फलदार पौधों के रोपण करने संबंधी मांग का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले के अंदरूनी ग्रामों के कृषकों को अपरम्परगत खेती हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आरईओ और जैविक कार्यकर्ताओं को सतत कार्य करना होगा।

# जिला चिकित्सालय में ओपीडी लैब जांच सेवाएं बहाल

**75 से अधिक परीक्षण उपलब्ध**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला चिकित्सालय बीजापुर में पिछले कुछ दिनों से लैब रिएजेंट की कमी और तकनीकी कारणों के चलते प्रभावित हुई ओपीडी लैब जाँच सेवाएँ अब पूर्णतः बहाल हो गई हैं। सुधार कार्यों के दौरान भी आईपीडी और आपात सेवाएँ पूर्ववत संचालित रहीं।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार आवश्यक रिएजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने, तकनीकी दिक्कतों के समाधान, रख-रखाव एवं गुणवत्ता परीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके फलस्वरूप अब सभी विभाग, बायोकेमिस्ट्री, हिमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी की जाँचें पूरी क्षमता के साथ पुनः प्रारंभ हो गई हैं। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में यह कार्य तेजी से पूरा किया गया। इसमें कलेक्टर संबित मिश्रा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे के समन्वित प्रयास प्रमुख रहे। अस्पताल की नैदानिक प्रयोगशाला में फिलहाल 75 से अधिक प्रकार की जाँचें उपलब्ध हैं, जिन्हें मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि सभी जाँचें निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं बायोसेफ्टी प्रोटोकॉल के अनुरूप की जा रही हैं।

अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि ओपीडी, आईपीडी और आपात सेवाएँ नियमित रूप से सामान्य गति से संचालित हो रही हैं तथा मरीज पूर्ववत सभी लैब सेवाओं का लाभ बिना किसी शुल्क के ले सकते हैं। उक्त जानकारी जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ रत्ना ठाकुर ने दी है।

### पीएम आवास योजना से बदली भीमा की दुनिया



**दंतेवाड़ा।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरे अरनुपर गांव में भीमा अपने परिवार के साथ वर्षों से एक जर्जर कच्चे मकान में रह रहे थे। बारिश के दिनों में छत से टपकते पानी से लेकर दीवारों के गिरने का डर हर मौसम उनके लिए नई परेशानी लेकर आता था। बरसात में रातभर जागकर बच्चों को पानी से बचाना, सर्दी में टाट-प्लास्टिक लगाकर ठंड रोकना और गर्मी में टूटती दीवारें, यह उनके जीवन की मजबूरी बन चुकी थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए एक अधूरा सपना बनकर रह गया था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जैसे ही उनके नाम स्वीकृति मिली, भीमा के जीवन में उम्मीद की किरण जग उठी। किस्तों की राशि मिलने के बाद भीमा ने स्वयं मेहनत कर धीरे-धीरे अपने सपनों का घर बनाना शुरू किया। मिट्टी, लकड़ी से जिंदगी गुजारने वाले भीमा के हाथों ने अब ईंटों और सीमेंट से एक मजबूत नींव रखी, जिसमें उनके परिवार के सुरक्षित भविष्य की कहानी लिखी गई। आज उनका परिवार नए, सुदृढ़ और उजले घर में सुरक्षित जीवन जी रहा है।

# प्रेरणादायक कहानियों को किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नई चेतना 4.0 जेंडर कैंपेन थीम पर आधारित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ के विशेष एपिसोड-5 का सीधा प्रसारण जिला पंचायत के सभा कक्ष से किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की संघर्ष से सफलता तक की प्रेरणादायक कहानियों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें महिला समूहों के कार्य, आत्मनिर्भरता, आजीविका संवर्धन और जेंडर समानता पर विशेष चर्चा हुई।



इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित एपीओ मनरेगा, डीपीआरसी के टीम एवं जिला पंचायत के समस्त स्टाफ तथा विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं। सीधे प्रसारण के दौरान अधिकारियों ने नई चेतना अभियान के उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता, समान अधिकार, क्षमता विकास और आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में कार्यक्रम से जुड़ी दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन समाज में नए उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

# ढोलकल कैम्प रिसोर्ट का पूर्व विधायक देवती ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पूर्व विधायक देवती कर्मा के मेहनत और उनके अथक प्रयासों से फरसपाल पंचायत में ढोलकल कैम्प रिसोर्ट का निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। यहां पहुंचे ग्रामीण और सभी पेरमा, गायता, पुजारी एवं मांझी की उपस्थिती में पूर्व विधायक देवती कर्मा ने विधिवत पूजन कर इस गलैम्पिंग जोन का भूमिपूजन किया।

पूर्व विधायक देवती कर्मा ने बताया कि तकरीबन डेढ़ करोड़ की राशि से निर्मित होने वाले इस कैम्प जोन से इस क्षेत्र का सर्वगुण विकास होगा और पर्यटन के क्षेत्र में इसे नई उपलब्धि माना जायेगा। उन्होंने भूमिपूजन के बाद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस



गलैम्पिंग जोन के आरंभ होने से गांव में पर्यटन की संभावनों को नई उड़ान मिलेगी और क्षेत्रीय विकास में नया अध्याय लिखा जाएगा। इसे ग्रामीणों को रोज़गार के नए अवसर खुलेंगे ओर साथ ही ढोलकल पर्वत में विराजित गणेश जी के दर्शन करने अब और असंख्य मात्रा में लोग हमारे ग्रामीण अंचल में आएंगे। पूर्व विधायक कर्मा ने बताया की तकरीबन तीन एकड़ में बनने वाले इस कैम्प से आसपास के ग्रामीणों को भी बहुत फायदे मिलेंगे और पर्यटनों को भी हमारी कला- संस्कृति को पास से देखने और समझने का मौका मिलेगा।

भूमिपूजन कार्य में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, तिलेश्वरी नागेश, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशिक, जनपद सदस्य पवन कर्मा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोपा कुंजाम, फरसपाल सरपंच दीपमाला कर्मा, आलनार सरपंच रौशनी कुंजाम, कुंडेनार सरपंच राजेश वट्टी, राकेश कर्मा, सुखनाथ कर्मा, मारा कर्मा, अंनतराम कर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

# नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज दंतेवाड़ा द्वारा अपनाए गए ग्राम जवांगा में आयोजित एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोमड़ा राम कवासी सरपंच ग्राम पंचायत जावंगा रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

समापन अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने



आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक, बस्तर की जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य तथा नशामुक्ति एवं स्वच्छता पर प्रभावी भाषण शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने गांव के लोगों का मन मोह लिया और सामाजिक जागरूकता के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति शपथ भी दिलाई गई, जिसे प्राचार्य ने स्वयं पढ़कर सभी विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं अतिथियों से दोहरवाया। उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने गाँव के सभी नागरिकों का शिविर के दौरान मिले सहयोग, सहभागिता और आतिथ्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। एनएसएस इकाई ने विश्वास व्यक्त किया कि यह शिविर ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और जन जागरूकता के प्रति सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पूर्व छात्रों ने स्कूल की यादें साझा की




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

ईएमआरएस बिसोली, भानपुरी में ग्रैंड एल्युमनी मीट का आयोजन हुआ, जिसमें 2021-22 से 2024-25 तक के पास-आउट छात्र शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने स्कूल के प्रति अपनी यादें साझा की और स्कूल की स्थापना से लेकर अब तक की बहुआयामी विकास यात्रा की प्रशंसा की। पूर्व छात्रों ने स्कूल में अपने समय के दौरान हुए सर्वांगीण विकास को याद करते हुए अकादमिक, खेल, कला और नेतृत्व के क्षेत्र में हुई प्रगति की सराहना की। कई छात्रों ने अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलताओं के लिए स्कूल को धन्यवाद दिया, जिसने उनके लिए मजबूत नींव तैयार की। एक प्रेरणादायक सत्र में एल्युमनी ने वर्तमान छात्रों को कड़ी मेहनत और अच्छे अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन और दृढ़ता को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य सरोज कुमार मार्कम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने साथ मिलकर भोज का आनंद लिया, जिससे सभी स्कूल परिवार के सदस्यों के बीच मेलजोल और अपनापन बढ़ा।



### नाम परिवर्तन की सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जगन्नाथ निर्मलकर पिता तिजलाल निर्मलकर उम्र 45 वर्ष जाति धोबी,निवासी मकान नं. 174 रामनगर पारा चिल्हाटी थाना कोरर तहसील भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब.कांकेर छ.ग. के हैं। मेरे पक्षकार पुत्री का वास्तविक एवं पूरा नाम भूमिका निर्मलकर है जो मेरे पक्षकार की पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, दखिल खारिज पंजी, शैक्षणिक दस्तावेजों सहित अन्य समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे पक्षकार की पुत्री के नाम पर जारी आधार कार्ड क्र. 335510316522 में मेरे पक्षकार की पुत्री का नाम भूमिका पिता जगन्नाथ दर्ज किया गया है। मेरे पक्षकार की पुत्री के आधार कार्ड में मेरे पक्षकार एवं उसकी पुत्री के नाम के साथ सरनेम दर्ज नहीं किया गया है। भूमिका पिता जगन्नाथ के नाम पर मेरे पक्षकार पुत्री के कोई दस्तावेज नहीं हैं। उसे सुधारा जाकर मेरे पक्षकार की पुत्री का नाम "भूमिका निर्मलकर पिता जगन्नाथ निर्मलकर" लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक 12/12/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब. कांकेर छ.ग. के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज आज दिनांक के पश्चात से मेरे पक्षकार की पुत्री के नाम पर जारी आधार कार्ड में मेरे पक्षकार की पुत्री का वास्तविक नाम "भूमिका निर्मलकर पिता जगन्नाथ निर्मलकर" दर्ज किया जावे तथा उन्हें "भूमिका निर्मलकर पिता जगन्नाथ निर्मलकर" के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

भानुप्रतापपुर
दिनांक 12/12/2025

SHAILENDRA KUMAR MARKAM (Advocate)
En. No. 76/2021
WARD NO.15, BHANUPRATAPPUR
DISTT.-U.B.KANKER

## खबर संक्षेप

### श्रीश्री मां शारदा देवी की जयंती धूमधाम से मनाई



**कापसी।** छोटे कापसी श्रीश्री रामकृष्ण मंदिर विवेकानंद विद्यपिठ परिसर में श्रीश्री मां शारदा देवी की 173 वीं जन्मतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूजा, श्रद्धांजलि, वेद पाठ, भजन और चंडी पाठ, प्रभात फेरी के साथ सांध्य भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। अनुष्ठान में साधक ज्ञानद्रो नाथ राय, दीपक मलय दास, संजू दास, दीपांकर दत्ता, सिलटू साहा, प्रशांत साहा, ललित विस्वास, दिपेश साहा, आकाश पोद्दार, खोकन बानिक, पिंकू दत्ता, आलोक विस्वास, आशीष साहा, बाबू देवनाथ, जग्गू सरकार, म्हन्दो राय, हीरालाल सरकार, विकास पोद्दार, अंजलि सरकार, माधुरी साहा, मौसमी दास, बबिता साहा, शील दास, झूमा साहा, शीला साहा, सोनाली साहा शामिल हुए।

### निःशुल्क कराई जा रही 10 वीं ओपन बोर्ड की तैयारी



**चारामा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा चारामा में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तहत सेकंड चांस प्रोग्राम द्वारा पटेलपारा और शीतलापारा दोनों में निःशुल्क 10 वीं ओपन बोर्ड की तैयारी गांव की लड़की व महिलाओं को पढ़ाया जाता है। फैकल्टी विजय कुमार साहू और टीम लीडर ओमप्रकाश पाटले और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर धनेश भास्कर द्वारा सभी स्टूडेंट्स को प्रतिदिन पढ़ने के लिए मोटिवेट करते हुए नए नए तरीके से योजना के बारे में बताया जा रहा है। गांव के महिलाएं देवकी धुर्वे, राजेश्वरी साहू, सावित्री सिन्हा, उमेश्वरी कांवडे इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

### जवाहर चयन परीक्षा के लिए कोचिंग की पूरी



**दुर्गुकोंदल।** संकुल आमागढ़ में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित 25 दिवसीय विशेष कोचिंग कार्यक्रम का शुक्रवार को एक गरिमामयी समारोह के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हानपतरी के सरपंच शिवलाल ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उदेराम भुआर्य ने सभी विद्यार्थियों को ट्रॉली बैग, संजय वस्त्रकार ने नकद एक हजार रुपएं, सबल दीवान ने पिट्ठू बैग तथा अनिल वर्मा ने नकद पाँच हजार रुपएं देने की घोषणा किया। मुख्य अतिथि घोषणा किया कि जो भी विद्यार्थी नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफल होगा, उसे इक्कीस सौ रुपएं का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का हुआ आयोजन



**कांकेर।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक भााला प्रैक्टिसिंग एवं हाई स्कूल मांझापारा में शुकवार को आनंद मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आनंद मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में छात्र/छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं संस्था के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदन एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति कर आनंद मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी अन्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक पद्धतियों से बनाए गए मॉडलों के संबंध में जानकारी लिए एवं आनंद मेला में विभिन्न व्यंजनो का लुत्फ उठाए। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य बीएड महाविद्यालय ओपी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि केजु राम सिन्हा, खण्ड शिक्षा अधिकारी, आरएल कुजुर प्राचार्य, कुशाल गजभिये, अनिता दत्ताराय, रोमन लाल जैन, प्राचार्य पीके विश्वास, पूनम सिंह, कृष्णा नाग, लीना वटटी, रश्मि चतुर्वेदी, धिरज कुमार रजक आदि शिक्षक शामिल हुए।

तैयारी : बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों करें तैयार

# शिक्षा अधिकारी की बैठक शिक्षा सुधार व विद्यार्थियों की तैयारी पर रहा केंद्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल



बीआरसी भवन में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद की अध्यक्षता में 12 दिसंबर को आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार और विद्यालयों की विभिन्न आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता हो, जिन स्कूलों का ग्रेड डी आया है, उनका पुनः मूल्यांकन कर विशेष सुधार योजना बनाई जाए। अर्धवार्षिक परीक्षा को गंभीरता से संचालित करने, पिछले 5 वर्षों के प्रश्न पत्र हल करवाने और उत्तर पुस्तिकाओं की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने यू-डाइस अपडेट, बच्चों के डेटा का समय पर अद्यतन, शिक्षक प्रोफाइल पूर्ण करने और विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं के अपडेट पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही मेरिट छात्र पहचान कर उनके लिए विशेष योजना बनाने और विषयवार समीक्षा करने की भी बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टॉप टेन विद्यार्थियों को मुंबई की हवाई यात्रा कराने की घोषणा कर उत्साह बढ़ाया। साथ ही संस्थाओं से सभी अतिरिक्त खातों को बंद कर केवल एक सक्रिय खाता संचालित करने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में डीएमसी कांकेर नवनीत पटेल ने शिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, बेहतर परीक्षा परिणाम लाने और नियमित समीक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन किया।




आयोजित बैठक में सहायक संचालक, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और आगामी शैक्षणिक सत्र में बेहतर परिणाम की उम्मीद व्यक्त की गई।

# विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶। पखांजूर

विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 दिसंबर शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पखांजूर कैंप में एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कांकेर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माननीय अध्यक्ष संजीव कुमार टामक के दिशा-निर्देशन पर संपन्न हुआ। शिविर में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पखांजूर, विजय कुमार मिंज तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पखांजूर, श्रीमान ध्रुव राज ग्वाल ने भाग लिया। न्यायाधीश ने उपस्थित स्कूली बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया, ताकि वे एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। इसके अतिरिक्त छात्रों को वर्तमान समय की गंभीर चुनौतियों जैसे साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के तरीकों और उनकी पहचान करने के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। समाज को प्रभावित करने वाली एक और गंभीर समस्या, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए भी बच्चों को प्रेरित किया गया और उन्हें इसके हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया गया। इस महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर के दौरान, विधिक स्वयं सेवक पुष्पांजली पटेल और ठामेश सोनवानी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। यह पहल बच्चों को कानूनी अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें एक सुरक्षित और जागरूक नागरिक बनने में मदद मिलेगी।

## भाजपा पदाधिकारियों ने दिवंगत को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सुरूगदोह के पूर्व जनसंघ के वरिष्ठ नेता स्व. लतखोर आरदे की पत्नी तथा पूर्व मंडल महामंत्री इशू जनक आरदे की दादी के निधन पर तीज नहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिकजन एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। कार्यक्रम में दुर्गुकोंदल भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिह कल्लो, कंगलू कुम्हार महाविद्यालय के अध्यक्ष विजय पटेल, जनपद सदस्य राजू नायक, भाजपा युवा नेता दीपक पुड़ो, गौ सेवा आयोग के मंडल सदस्य मनोज दुग्गा, समाजसेवी बहादुर तुलावी, तुका पटेल, संतोष जैन, बिरसिह जैन सहित भाजपा मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें। सभी ने दिवंगत महिला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शांतिपाठ किया और परमात्मा से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने परिवार के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि यह परिवार लंबे समय से जनसेवा एवं संगठन निर्माण में सक्रिय रहा है। दिवंगत महिला का स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन और परिवार के



प्रति उनका समर्पण हमेशा याद किया जाएगा। शोकसंतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रियजन का विछोह गहरा आघात पहुंचाता है, किंतु समाज और संगठन की संवेदनाएँ परिवार को इस कठिन समय से उबरने में संबल प्रदान करेंगी।

## बीईओ का फेडरेशन ने स्वागत किया व शिक्षा विषयक चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी से सौजन्य भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी का आत्मीय स्वागत किया और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा की। इस मुलाकात का उद्देश्य शिक्षक हितों, शैक्षिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा विभागीय समन्वय को मजबूत बनाना रहा। फेडरेशन पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी के साथ संवाद स्थापित करते हुए शिक्षकों की समस्याओं और अपेक्षाओं से अवगत कराया तथा भविष्य में बेहतर सहयोग और सकारात्मक कार्य वातावरण की आशा व्यक्त की।

खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव सिंह डे ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत स्वीकार करते हुए रचनात्मक संवाद के लिए धन्यवाद दिया और शिक्षकों के साथ मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस सौजन्य भेंट से शिक्षा विभाग और शिक्षक फेडरेशन के बीच समन्वय और सहयोग की नई दिशा स्थापित होने



की संभावना व्यक्त की जा रही है। मुलाकात के दौरान फेडरेशन के जिला अध्यक्ष निर्भय कुमार कोवाची, ब्लॉक अध्यक्ष देवकूप्रसाद महावीर, उपाध्यक्ष उत्तम चंद्र वारे, सचिव घेवरचंद मरकाम तथा सदस्य धीरज अंधारे, मयाराम कोरेटी, पुष्पलता कोराम, बिसरी नायक, सारिका दर्रो, जितेन्द्र नायक, अहिमत पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## नवोदय में प्रवेश तैयारी के लिए कक्षा संचालित, छात्रों का बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल




संकुल मंगहूर में संचालित संकुल स्तरीय नवोदय प्रवेश तैयारी कक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर और आत्मविश्वास को निखारने वाली एक प्रभावी पहल साबित हुई है। संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पाँचवीं के बच्चे प्रतिदिन नियमित रूप से इस विशेष कोचिंग कक्षा में उपस्थित हुए और गंभीरता तथा उत्साह के साथ अध्ययन किया।

कक्षा संचालन में विषयवार अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। गणित विषय की जिम्मेदारी चेतन साहू ने संभाली, जिन्होंने अवधारणाओं को सहज तरीके से समझाकर बच्चों की गणनात्मक क्षमता को मजबूत किया। वहीं मानसिक योग्यता की कक्षाएँ संचालित की गईं, जिनकी रोचक गतिविधियों से विद्यार्थियों में तर्कशक्ति और समस्या-समाधान कौशल विकसित हुआ। हिंदी विषय का अध्यापन भी प्रभावशाली ढंग से कराया गया।

विशेष तथ्य यह रहा कि मानसिक योग्यता एवं हिंदी दोनों की कक्षाएँ आधुनिक तकनीक के उपयोग प्रोजेक्टर आधारित प्रस्तुति के माध्यम से संचालित की गईं, जिससे बच्चों को कठिन अवधारणाएँ भी आसानी से समझ में आईं। दृश्यात्मक उदाहरणों ने सीखने की प्रक्रिया को रोचक, प्रभावी और यादगार बना दिया। विद्यार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिदिन चाय-बिस्कुट एवं मध्याह्न भोजन की सुदृढ़ व्यवस्था की गई, जिससे बच्चे बिना किसी व्यवधान के पूरे मन से पढ़ाई कर सके। पहला सत्र विषयवार अध्यापन के लिए तथा दूसरा सत्र प्रैक्टिस सेट समाधान के लिए निर्धारित था। प्रतिदिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना और सीखने का उत्साह बढ़ा। नवोदय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित होनी है। इसी क्रम में 12 दिसंबर को सभी विद्यार्थियों को अंतिम तैयारी सुझाव, परीक्षा रणनीति तथा प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को शांत मन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की सलाह दी।

## समय पर टोकन जारी न होने पर युकां ने खरीदी केंद्रों के घेराव की बनाई रणनीति

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति लोहतर कोड़ेकुर्से, सुरंगदोह तथा गोडपाल धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही दिक्कतों की जांच के लिए कृषि सभापति प्रतिनिधि के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दल ने पाया कि किसानों को टोकन की उपलब्धता और खरीदी लिमिट कम होने की वजह से गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि वर्तमान में धान खरीदी लिमिट अत्यंत कम निर्धारित की गई है, जिससे अधिकांश किसान अपनी उपज केंद्रों तक नहीं पहुँचा पा रहे हैं। कई किसानों के पास धान तैयार होने के बावजूद टोकन जारी न होने से उनकी चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। निरीक्षण दल ने खरीदी केंद्रों पर मौजूद किसानों की बात सुनी



और उनकी समस्याओं को गंभीरता से समझा। दल के सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि लिमिट कम होने से किसान आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं, इसलिए शासन-प्रशासन को तत्काल लिमिट बढ़ाने तथा समय पर टोकन उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। कृषि सभापति प्रतिनिधि सोमदेव कोरोटी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिली जानकारियों को विस्तारपूर्वक प्रशासन तक पहुंचाया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी समिति द्वारा केंद्रों में नियमित निरीक्षण किया जा रहा है तथा समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई और खरीदी लिमिट में वृद्धि नहीं की गई, तो वे तहसील कार्यालय तथा एसडीएम कार्यालय दुर्गुकोंदल, भानुप्रतापपुर का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

## जेल से रिहा पूर्व सरपंच व नीरज ने जेल प्रबंधन पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

**चारामा।** आदिवासी समाज और कांग्रेस नेता स्व. जीवन ठाकुर की संदिग्ध मौत के बाद मामला और गंभीर होता जा रहा है। इसी बीच जेल से रिहा हुए उनके बड़े पुत्र नीरज ठाकुर और ग्राम मायना के पूर्व सरपंच शोप सिंह नेताम ने जेल प्रशासन पर प्रताड़ना, अत्याचार और भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। रिहाई के बाद बड़ी संख्या में समाजजन और परिजन उनसे मिलने जेल परिसर पहुंचे, जहां दोनों ने मीडिया के सामने जेल के अंदर की भयावह स्थितियों का खुलासा किया।

जेल से रिहा हुए नीरज ठाकुर ने बताया कि उनके पिता जीवन ठाकुर और मामा को 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद से ही जेल में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सिलसिला शुरू हो गया था। उनका आरोप है कि जेल के डॉक्टर इलाज देने के नाम पर 40 हजार रुपए तक की रिश्वत मांगते थे। दवाइयां समय पर नहीं दी जाती थीं और जांच भी उचित तरीके से नहीं की जाती थी। बार-बार शिकायत करने पर डॉक्टरों और जेल स्टाफ द्वारा गाली-गलौज तक की जाती थी। नीरज का कहना है कि पिता की तबीयत लगातार बिगड़ती रही, पैरों व चेहरे में सूजन आने लगी, पेट में तेज दर्द रहता था, लेकिन उन्हें बार-बार टाल दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि पिता और परिजनों को अलग-अलग शेल में रखने की वजह से उनकी मुलाकात तक नहीं हो पाती थी। नीरज ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पिता से अंतिम बार भी नहीं मिल पाए। पूर्व सरपंच शोप सिंह ने भी जेल के भीतर अमानवीय व्यवहार की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इलाज के नाम पर पैसे मांगे जाते थे और किसी भी विरोध पर कैदियों को दंडस्वरूप कई दिनों तक सिर्फ खिचड़ी दी जाती थी। उनका आरोप है कि कुछ कैदियों से डॉक्टर अपना निजी काम करवाते थे, जबकि जीवन ठाकुर को एक इंजेक्शन देने के बाद उनकी हालत अचानक बेहद खराब हो गई थी।

विदित हो कि बस्तर के आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश है। समाज ने न्यायिक जांच की मांग करते हुए चक्काजाम, विरोध प्रदर्शन और बस्तर बंद का आह्वान किया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और दीपक बैज शामिल हैं, परिवार से मिलकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठा चुके हैं। विपक्ष ने पूरे मामले में सरकार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है, वहीं कांग्रेस ने अपनी ओर से जांच समिति गठित कर घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है।

विश्व स्तरीय शिक्षा को बढ़ावा देने का उपक्रम

# पैराडाइज स्कूल में तीन दिवसीय रोबोटिक एवं कोडिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में वर्तमान में चल रहें शिक्षण आवश्यकताओं को पूर्ति करने एवं छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय शिक्षण तथा नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए 10 से 12 दिसंबर तक कक्षा 4 थीं से 9 वीं के छात्रों के लिए तीन दिवसीय रोबोटिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसे तीन बैचों में संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान रोबोटिक प्रशिक्षक पूरण वर्मा तथा पैराडाइज स्कूल के आईटी शिक्षक अभिनव सिंह, प्रतीक सिंह और संतोष कुमार ठाकुर ने छात्रों को समार्ट हेलमेट, मृदा अपरदन एवं मोशन सेंसर मॉडल, स्मार्ट होम ऑटोमेशन, रडार सिस्टम, 3 डी प्रिंटर 3 डी प्रिंटिंग,



इन तीन दिनों में छात्रों ने सीखा, 3 डी प्रिंटिंग का उपयोग और महत्व, 2 डी मॉडल को 3 डी मॉडल में कैसे परिवर्तित किया जाता है, 3 डी प्रिंटर के विभिन्न घटकों की पहचान और समझ, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन के वास्तविक जीवन में उपयोग जिसमें केवल फिंगर प्रिंट, डिटेक्ट होने के बाद किसी घर में प्रवेश कर सकता है। स्मार्ट ब्लाइड स्टीक टोलटेक्स बुथ मॉडल, रोबोटिक्क कार आदि का रोबोटिक्स शिक्षण छात्रों ने अपने विद्यालय के अंदर पाया। यह प्रशिक्षण अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा और इससे छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता तथा यांत्रिक कौशल का विकास हुआ। इस विश्वस्तरीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण को पैराडाइज स्कूल में संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, अनिल कुमार ढाके, एम भुबनेश्वरी, ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, दीपांजली गोगोई, भारती सेठिया, संगीता भारती, शांतिलीना नेताम, कृष्णापदा कुंभकार, टाकेश्वर साहू, लक्ष्मीनारायण नामदेव, अपूर्वा ठाकुर, सुखदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, पेंकटेश पटेल, अवतार सिंह, रिकी सेठी, प्रीतिलता शोरी, निशा जयसवाल, मृणाल पाण्डे व अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

